Name of the College -> A P S M College Barauni
Name -> Dr. Rajesh Kumar Suman
Deptt -> Economics
Designation -> [GT]
Class -> B.A Part-1 [H]
Paper -> 1st

Date -> 26.4.2021
Unit -> 01

Name of the topic -> Consumer's Behaviour ->

=> उपभोक्ता व्यवहार सूक्ष्म आर्थिक विश्लेषण की प्रारम्भिक कड़ी है। उपभोक्ता वस्तु की मांग उसमें निहित उपयोगिता के कारण करता है. उपयोगिता का अर्थ है - आवश्यकता सन्तुष्टि शक्ति [Want-Satisfying Power]

=> उदासीनता वक्र विश्लेषण [Indifference Curve Analysis] -

-> हिक्स द्वारा प्रतिपादित उपभोक्ता व्यवहार के अध्ययन का आधार क्रम सूचक प्राथमिकता [Ordinal preference] है। और यह दुर्बल क्रमबद्धता [Weak Ordering] पर आधारित है। सर्वप्रथम एजवर्थ [1881] ने, उसके बाद पेरेटो ने उदासीनता वक्र विचार प्रस्तुत किया, हिक्स और ऐलन ने इस विचार को वैज्ञानिक रूप से प्रस्तुत किया, प्रो० स्लात्स्की ने भी इसको वैज्ञानिक रूप में प्रस्तुत किया।

=> उपभोक्ता व्यवहार उदासीनता अनुसूची द्वारा प्रदर्शित किया जाता है, उदासीनता अनुसूची उपभोक्ता को समान सन्तुष्टि देने वाले दो वस्तुओं के विभिन्न संयोगों को बताती है, उदासीनता अनुसूची को ग्राफ में प्रदर्शित करने पर उदासीनता वक्र प्राप्त होता है।

Scanned with CamScanner



=>

=> चित्र में प्रदर्शित उदासीनता वक्र IC के साथ A, B, C, D बिन्दु पर उपभोक्ता को समान संतुष्टि मिल रही है। एक उदासीनता वक्र सन्तुष्टि के एक स्तर को बताता है, अनेक उदासीनता वक्रों से मिल कर एक उपभोक्ता का उदासीनता मानचित्र बनता है।

=> उदासीनता वक्र की मान्यताएँ →

(i) उपभोक्ता का विवेकपूर्ण व्यवहार

(ii) क्रमवाचक दृष्टिकोण

(iii) उपभोक्ता का संगत व्यवहार

(iv) घटती सीमान्त प्रतिस्थापन दर

(v) दुर्बल क्रमबद्धता

(vi) उपभोक्ता का संक्रमकता व्यवहार

(vii) वस्तुएँ समरूप और विभाज्यनीय

Scanned with CamScanner